‘हिन्दी काव्य - पाठ प्रतियोगिता’ (प्राइमरी 2020)

धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’ की भावना व विचार को ध्यान में रखते हुए सभी भाषाओं को समुचित मान तथा स्थान दिया जाता है। कविता, किसी भी भाषा की अभिव्यक्ति की सुंदरतम् विधा है। हिन्दी हमारी राजभाषा है। इन्हीं विचारों को ध्यान में रखते हुए, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने **‘हिन्दी काव्य - पाठ प्रतियोगिता’** की तैयारी की। कक्षा एक व दो के नन्हे बच्चों ने पशु - पक्षियों की नन्ही कविताओं के साथ साथ कुछ गंभीर कविताओं का भी चयन किया। बड़े बच्चों ने हास्य - व्यंग्य तथा आधुनिक समसामयिक तथ्यों से भरी कविताएँ चुनी।

30 जनवरी 2020 को सभी हाउस के ‘कब कप्तानों’ द्वारा संचालित **‘हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता’** का आरम्भ हुआ।‘कब कप्तानों’ के नियंत्रित तथा प्रभावी वक्तृत्व ने सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के पहले चरण में कक्षा एक तथा दो के विद्यार्थियों ने अपनी मीठी आवाज़ में प्रकृति - प्रेम से भरी भोली कविताओं से सबका मनमोह लिया। दूसरे चरण में कक्षा तीन व चार के बच्चों ने अपने प्रशंसनीय काव्य - पाठ से सबको अभिभूत कर दिया। सभी बच्चों के स्पष्ट उच्चारण, स्वर के उतार- चढ़ाव तथा भाव पूर्ण अभिव्यक्ति की निर्णायक गण द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। सभी प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम रोचक तो था ही प्रेरणादायक भी था।

दोनों चरणों के समस्त प्रतियोगियों के अंकों की गणना के अनुसार परिणाम इस प्रकार हैं -

प्रथम स्थान - Jaguar House

द्वितीय स्थान - Panther House

तृतीय स्थान - Lion House

निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषणा तथा ‘कब कप्तान’ के धन्यवाद के शब्दों के साथ प्रतियोगिता समाप्त हुई।